NEWS18 हिंदी

Source:- www.hindi.news18.com
Date:- 22.02.2019

ट्रक में बना रखा था तहखाना, अधिकारियों ने की जांच तो उड़ गए होश

डीआरआई लखनऊ के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि उड़ीसा से एक ट्रक आ रहा है, जिसमें कई किलो गांजा छुपाया गया है.

News18Hindi
Updated: February 22, 2019, 11:24 AM IST

फिल्मों में आपने कई बार सोने के बिस्कुट, अवैध ड्रग्स और गांजे को छुपाकर एक शहर से दूसरे शहर ले जाते हुए देखा होगा. लेकिन हम आपको एक ऐसी तस्वीर दिखा रहे हैं, जिसे देखकर आपके होश उड़ जाएंगे. गांजा माफियाओं ने अपना माल उड़ीसा से उत्तर भारत में भेजने के लिए ट्रक का सहारा लिया था. ट्रक जैसे ही लखनऊ पहुंचा इसकी खबर डीआरआई लखनऊ के अधिकारियों को लग गई. अधिकारियों ने ट्रक को रोककर उसकी जांच की लेकिन उन्हें कुछ भी नहीं मिला. इसके बाद जब ट्रक की बारीकी से जांच की गई तो अधिकारियों के भी होश उड़ गए. गांजा माफियाओं ने ट्रक में एक तहखाना बना रखा था और उसमें 628 किलो गांजा छुपाया हुआ था. इस मामले में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है.

जानकारी के मुताबिक डीआरआई लखनऊ के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि उड़ीसा से एक ट्रक आ रहा है, जिसमें कई किलो गांजा छुपाया गया है. खुफिया जानकारी के आधार पर जब अधिकारियों ने एक ट्रक को रोककर उसकी जांच शुरू की तो उन्हें ट्रक पूरा खाली मिला. कुछ देर की जांच के बाद जब ट्रक के फ्लोर को खोला गया तो उसमें कई बाक्स मिले.